वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 252 मंगलवार 9 जनवरी 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# गोपालन मंत्री बोले- 20 गाय पालें, कौन मना करता है...

## सरकार की तरफ से कोई पाबंदी नहीं; भजनलाल सरकार के 4 मंत्रियों ने कार्यभार ग्रहण किया

**जयपुर. कासं**



राजस्थान के तीन मंत्रियों झाबर सिंह खर्रा, सुरेश सिंह रावत, ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर और जोराराम कुमावत ने आज कार्यभार ग्रहण किया। इस दौरान तीनों ही मंत्री एक्शन मोड में दिखे। कार्यभार ग्रहण करने के बाद गोपालन और देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा- आपके पास यदि व्यवस्था है तो 20 गाय पालें। कौन मना करता है। सरकार की तरफ से कोई पाबंदी नहीं है। उन्होंने कहा कि गाय से दूध, घी, मक्खन मिलता है। उन्होंने कहा- गौमूत्र को भी अमृत के समान पवित्र मानते हैं। इससे कई सारी बीमारियां खत्म होती है। गाय की चमड़ी, हड्डियां तक काम आती है। इसलिए गाय को माता का दर्जा दिया हुआ है। उन्होंने कहा- कई लोग इस सनातन संस्कृति को नष्ट करने का भी प्रयास करते हैं। सनातन संस्कृति में ही वसुधैव कुटुंबकम की भावना रहती है। ये एक मात्र ऐसी संस्कृति है, जहां पेड़, पौधे, पत्थर, जल, पशु-पक्षी की भी पूजा की जाती है। इसी भावना को ध्यान में रखते हुए गो संवर्धन पर भी काम किया जाएगा। गौशालाओं को मजबूत किया जाएगा। सरकार की योजनाओं के साथ जन सहयोग लेते हुए आगे बढ़ेंगे। जोराराम कुमावत ने कहा- कांग्रेस सरकार ने बहुत सी गारंटियां दी थी। वो पूरी नहीं हुई। जल्द अधिकारियों के साथ बैठकर जन कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। उसमें क्या नवाचार कर सकते हैं, उसे शामिल किया जाएगा। जहां तक देवस्थान विभाग में रिक्त पदों की बात है। उस पर भी अधिकारियों के साथ मंथन करेंगे।

### कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में शुरू हुई योजनाओं का करेंगे रिव्यू

स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद सचिवालय में अधिकारियों को हिदायत दी। उन्होंने कहा- कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में शुरू हुई योजनाओं का रिव्यू किया जाएगा। इसके साथ ही पिछले साल दिसंबर तक जो भी योजनाएं चल रही हैं। उनको लेकर कल ही रिव्यू होगा। ताकि सही योजनाओं को जल्द से जल्द पूरा कर जनता तक राहत पहुंचाई जा सके। झाबर सिंह ने कहा- राजस्थान में पिछले 6 महीने से सड़कें खुदी हुई हैं। जबकि नियमों के तहत खुदी हुई सड़कें 15 दिन में सही हो जानी चाहिए। ऐसे में जो भी दोषी अधिकारी हैं। उनके खिलाफ भी एक्शन लिया जाएगा। इसके साथ ही सरकार की योजनाओं को धरातल पर लाने के लिए मैं स्वायत्त शासन विभाग को पारदर्शी बनाना चाहूंगा। ताकि बदनाम हो चुके इस विभाग पर जनता का विश्वास जाग सके। सोमवार को जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने भी कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने कहा- राजस्थान में बीजेपी की सरकार बनने के बाद हर घर तक जल पहुंचाना मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी। वैसे भी जिस एफ्डढ योजना का नाम लेकर कांग्रेस अब तक जनता को बेवकूफ बना रही थी। बीजेपी की सरकार बनने के बाद उसे योजना को धरातल पर लाने का काम शुरू कर दिया गया है।

## पतंगबाजी की दुकानें सजने लगी




गुलाबी नगरी में मकर संक्रांति के लिए बाजार सजने लगे हैं और लोग पतंग-डोर की खरीदारी करते हुए नजर आ रहे हैं।

# महावीर स्कूल ऐलूमनी ऐसोसियेशन के तत्वावधान में क्रिकेट विद न्यू ईयर फैमिली मीट थीम पर आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में टीम मोराज महावीर की विजय



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जयपुर के सुविख्यात महावीर स्कूल के पूर्व छात्रों की संस्था महावीर स्कूल ऐलूमनी ऐसोसियेशन के तत्वाधान में स्कूल के पूर्व छात्रों द्वारा गठित टीमों का क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 'किक्रेट विद न्यू ईयर फैमिली मीट' थीम पर महावीर स्कूल ग्राउन्ड पर दिनांक 07 जनवरी, 2024 रविवार को किया गया। संस्था के मानद सचिव सी.ए. सुनील जैन ने बताया कि टूर्नामेंट में चार टीमें क्रमशः मोराज महावीर, देवराज महावीर, एस.एस.बी.सी. महावीर व जे.सी.पी. महावीर ने भाग लिया तथा जिसमें मोराज महावीर टीम विजय रही, जिसके कैप्टन मोहित सक्सैना थे तथा उप विजेता देवराज महावीर टीम रही जिसके कैप्टन राम पूनिया थे। संस्था के अध्यक्ष श्री अखिलेश कुमार जैन ने बताया कि टूर्नामेंटमें मुख्य अतिथि श्री रवि जैन, आई.ए.एस. एवं विशिष्ठ अतिथि व गेस्ट ऑफ ऑनर श्री सुनील जैन, संस्थापक व निदेशक अक्षत अपार्टमेन्ट प्रा. लि. व श्री संजय व्यास, पूर्व रणजी कप्तान के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शिक्षा परिषद के पूर्व अध्यक्ष व रिटार्यड आई.एस. श्री एन.के. सेठी, महावीर स्कूल की शिक्षा परिषद के वर्तमान अध्यक्ष श्री उमराव मल सांघी, सचिव श्री सुनील बक्षी, कोषाध्यक्ष श्री महेश काला, एलुमनी के निवर्तमान अध्यक्ष श्री ज्ञानचन्द झांझरी, मेजन जनरल अनुज माथुर, राजू मेगोडीवाला, नितिन गुप्ता, विनोद गुप्ता व कई गणमान्य पूर्व छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सहसंयोजक व बॉलीवुड के सिंगर रविन्द्र उपाध्याय द्वारा लिखित गाने पर भी उपस्थित अतिथि व पूर्व छात्र व उनके परिवारजन ने जमकर डांस व मस्ती की एवं उपस्थित पूर्व छात्रों की पत्नियों का भी एक मैच रखा गया जिससे



उपस्थित पूर्व छात्रों की पत्नियों द्वारा काफी उत्साह दिखाया गया व उनको भी संस्था द्वारा ट्रॉफी प्रदान की गई। टूर्नामेंट के संयोजक श्री मोहित सक्सैना ने बताया कि टीमों का चयन तकनीक का इस्तेमाल करते हुये ऑनलाईन प्लेटफार्म पर किया गया तथा सभी मैचों की स्कोरिंग व बेस्ट बेस्टमेन, बेस्ट बॉलर आदि का चयन भी क्रिकेट स्कोरिंग ऐप क्रिकहीरोज के माध्यम से किया गया। प्रतियोगिता में अपनी-अपनी टीमों को चियरअप करने के लिये पूर्व छात्रों की पत्नीयों एवं बच्चों ने बढ-चढ कर हिस्सा लिया जिससे क्रिकेट मैचस अधिक रोमाचंक हो गये तथा परिवारजनों की सहभागिता से पूर्व छात्रों को फलोशिप का उत्तम अवसर मिल सका। क्रिकेट मैचों की प्रभावी कमेंट्री के लिये पेशेवर कमेन्ट्रेटर द्वारा कमेंट्री कराई गई जिससे मैचों को सुनने का आन्नद दुगना हो गया। श्री कार्यक्रम के सहसंयोजक अनिल मुखी, नवीन भंडारी, सुधीर गोदिका, नीरज गुप्ता, रविन्द्र उपाध्याय व कमल सक्सैना की भूमिका सराहनीय रही।

# 25 दिवसीय बृहद् भक्तामर विधान का समापन हुआ

**भागलपुर. शाबाश इंडिया**

48 मण्डलीय भक्तामर महामण्डल विधान के साथ श्रमण मुनि विशल्यसागर प.पू. भारतगौरव राष्ट्रसंत गणाचार्य श्री 108 विरागसागर जी मुनिराज के परम प्रभावक शिष्य झारखण्ड राजकीय अतिथि , सराककेसरी , श्रुतवारिधि श्रमण श्री विशल्यसागर जी मुनिराज ससंघ के सानिध्य में 15 दिसम्बर 2023 से 8 जनवरी 2024 तक 25 दिवसीय बृहद् भक्तामर महामण्डल विधान का समापन 48 मण्डलीय भक्तामर महामण्डल विधान भागलपुर ( बिहार ) में साथ सानंद सम्पन्न हुआ ।इसी अवसर पर प.पू. श्रमण मुनि विशल्यसागर जी महाराज ने कहा कि भगवान की भक्ति चित्त को स्थिर करने का प्रमुख आयाम है , विधान के माध्यम से अंतर्मन विशुद्ध होकर चित्त एकाग्र होता है ।भगवान की भक्ति भक्त को भगवान बनाती है बस जरूरत है भक्ति में लीन होने की आचार्य मांगतुंग की तरह । आचार्य मांगतुंग स्वामी आदिनाथ भगवान की भक्ति में इतने मग्न हो गये कि ताले स्वयंमेव ही खुल गए और अंतस के भाव भक्तामर स्तोत्र के रुप में रच गया । इसी अवसर पर आचार्य भगवन वात्सल्य रत्नाकर , निमित्त ज्ञानी विमलसागर जी मुनिराज का समाधि दिवस महा महोत्सव भी बड़े धूमधाम से मनाया गया । विशाल पाटनी,भागलपुर





# मेरे राम निज धाम आने वाले हैं...

बड़ी मुद्दतों के बाद, आज चांद भी मुस्कराया है
इस धरा व गगन पर उल्लास छाया है
क्योंकि जन जन के राम,निज धाम आने वाले हैं
वह निज महल में आने वाले हैं
अपना खोया सिंहासन पाने वाले हैं
-बड़ी मुद्दतों के बाद,तारे भी खुलकर जगमगाये हैं
क्योंकि मेरे राम तंबू से प्रस्थान कर,
अपने धाम आने वाले हैं।
राम राज्य का सपना साकार करने वाले हैं।
बड़े अरसे बाद मेरे राम अपने घर आने वाले हैं।
-बड़ी मुद्दतों के बाद सूरज ने भी लालिमा बिखराई है
क्योंकि मेरे राम अपना खोया स्थान पाने वाले हैं
लंबी लड़ाइयों के बाद,यह मौका आया है
जिसका सपना करोड़ो आँखों ने देखा वह साकार होने का काल आया है
मेरे राम के दर्शन हेतु विश्व भर का जन मानस अयोध्या की तरफ चला आया हैं।





स्वरचित: रचना शर्मा-अम्बाह

# रामगंजमंडी के अभिषेक जैन लुहाड़िया अहिंसा क्रांति सम्मान से हुए सम्मानित




**रामगंजमंडी. शाबाश इंडिया।** जैन धर्म के प्रचार मे अग्रणीय प्रमुख समाचार पत्र अहिंसा क्रांति 10 वे वर्ष: मे प्रवेश कर गया 7 जनवरी 2024 को जोधपुर के जैन श्वेताबर कम्युनिटी हाल मे यह आयोजन हुआ। आयोजन के इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि जोधपुर डिविजन के एकमात्र जैन विधायक अतुल भंसाली रहे । इस अवसर पर अभिषेक जैन लुहाड़िया रामगंजमंडी का अहिंसा क्रांति मीडिया अवार्ड देकर अभिनन्दन किया गया।इस आयोजन के विशेष अतिथि गौतम जैन डीवाईएसपी इसके साथ ही जैन कांफ्रेस की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष पुष्पा गोखरू जैन समस्त महाजन ट्रस्टी गिरीश भाई समाजसेवी विमल कुमार नवलखा कमल बैद आदि वरिष्ठ जन मौजूद रहे।सम्मान समारोह में प्रधान सम्पादक मुकेश नाहर जैन कोलकाता, सुरेन्द्र मुणोत सह सम्पादक कोलकाता ने उन्हे सरोपा एवम मोमेंटो देकर उन्हें इस सम्मान से नवाजा गया। निश्चित रूप से अभिषेक ने अपनी लेखनी से रामगंज मंडी का नाम रोशन किया है एवं रामगंज मंडी को गौरवान्वित किया है।इसे रामगंज मंडी की एक बड़ी उपलब्धि कहा जा सकता है।

# चेयरमैन सुमित राणा पहुंचे खिलाड़ियों के बीच



## वृहद प्रतियोगिता के लिए दिग्विजय चौटाला का जताया आभार

**रमेश भार्गव. शाबाश इंडिया**

ऐलनाबाद। हरियाणा बीज निगम के चेयरमैन सुमित राणा सोमवार को गांव माधोसिंघाना पहुंचे और गांव में जेजेपी की ओर से करवाई जा रही क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को आशीर्वाद देकर उन्हें खेलों के प्रति प्रोत्साहित किया। इस दौरान उनके साथ कुलदीप फगेड़िया भी विशिष्ट रूप से साथ थे। दोनों अतिथियों ने प्रतियोगिता में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उन्हें जीत के लिए शुभकामनाएं दी। इस दौरान दोनों अतिथियों ने संयुक्त रूप से कहा कि जेजेपी ने युवाओं को खेलों के प्रति हमेशा प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बढ़ रहे नशे को नियंत्रित करने के उद्देश्य से ही पार्टी ने इस वृहद प्रतियोगिता को करवाने का निर्णय लिया है और इसी क्रम में लाखों के पुरस्कार विजेता एवं उपविजेता टीम को देने का प्रावधान किया है। खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए ही प्रतिष्ठित कलाकारों को भी आमंत्रित किया गया है। चेयरमैन सुमित राणा व कुलदीप फगेड़िया ने इस विशाल क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन के लिए जेजेपी के प्रदेश के प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला का भी विशेष रूप से आभार जताया। इससे पूर्व दोनों अतिथियों का प्रतियोगिता स्थल पर पहुंचने पर जेजेपी पदाधिकारियों व ग्रामीणों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर उनके साथ ऐलनाबाद के हलकाध्यक्ष अनिल कासनिया, सिरसा के हलकाध्यक्ष सुधीर कूकणा, प्रदेश संगठन सचिव अजब ओला, जेजेपी व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अंजनी लढा, ऐलनाबाद के युवा हलका प्रधान राजवीर रोड, सुरेंद्र वकील, विक्रम सहारण, विनोद बिजारणिया, रणवीर सरपंच, हरबेल सिंह खाजाखेड़ा, राजेन्द्र कस्वा, कृष्ण भांभू, संदीप हुड्डा, श्रवण जोशी, कुलदीप जांगू, जितेंद्र मिढा, धर्मपाल गोरछिया, ज्ञान बेनीवाल,गौरी शंकर बुमरा , रोता हश देहडू, अकबर खान, प्रह्लाद बाना, गौरीशंकर लढा व गांव काशी के बास के सरपंच शंकरलाल , कुलदीप चाहर , अश्वनी बैनीवाल ,राजेश झोरड आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# गुलाबी नगरी सम्मान ईश्वर दत्त माथुर को



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** वरिष्ठ रंगकर्मी ईश्वर दत्त माथुर को ''गुलाबी नगरी सम्मान 2024'' से नवाजा गया है। जयपुर साहित्य संगति द्वारा यह सम्मान प्रतिवर्ष साहित्य, पत्रकारिता और कलाधर्मियों को अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय अवधान के लिए दिया जाता है। जयपुर साहित्य संगति के अरविंद कुमारसंभव ने बताया कि ईश्वर माथुर ने रंगमंच के अलावा राजस्थान की लोक कला, लोकनाट्य और ढुंढाडी भाषा के प्रचार प्रसार और उसके संवर्धन के लिए उल्लेखनीय कार्य किया है। ईश्वर माथुर एक लोक गायक लोक कला के ज्ञाता और रंगमंच के कुशल अभिनेता है। उन्होंने आकाशवाणी एवं दूरदर्शन के अलावा अनेक टीवी सीरियल एवं फिल्मों में अभिनय भी किया है।

## वेद ज्ञान

# सेवा से मिलने वाले सुख की जगह कोई नहीं ले सकता

सेवा मानव-हृदय के भीतर उत्पन्न होने वाला वह मिशनरी भाव है, जिसका आविर्भाव, स्वहित की अपेक्षा लोकहित के उद्देश्य से निस्वार्थ रूप से हृदय-कमल में होता है। सेवा का उद्देश्य पाना नहीं, बल्कि प्राण-पण से अपना इष्टतम अपने आराध्य या अभीष्ट को समर्पित करना है। इसका पारितोषिक, भौतिक नहीं बल्कि अभौतिक और अनुभूतिपरक होता है। सेवा शाश्वत आनंद प्रदान करने वाली अनमोल और कभी न समाप्त होने वाली आंतरिक खुशी प्रदान करती है। सेवा से हृदय सर्वथा प्रफुल्लित और आनंदित रहता है। दूसरे अर्थों में सेवा से मिलने वाले सुख व आनंद की प्राप्ति का स्थान संसार का कोई भी भौतिक सुख या उपलब्धि नहीं ले सकती। नौकरी भी किन्हीं अर्थों में सेवा की ही अनुगामिनी या सहचर है, किंतु इससे मिलने वाला पारितोषिक भौतिक रूप में उपस्थित होकर क्षणिक सुख की सृष्टि रचता है और दूसरे ही क्षण इसकी प्राप्ति से अतृप्ति, असंतोष, निराशा, घृणा, पश्चाताप, चंचलता, अरुचि और अन्यान्य नकारात्मक भाव पैदा होने लग जाते हैं। नौकरी भौतिक उन्नति या प्राप्ति की प्रत्याशा से किया जाने वाला कार्य है, जिसमें समर्पण, अपनत्व, श्रद्धा व सेवा से कहीं अधिक स्वार्थपरायणता, भौतिक प्राप्ति की उत्कंठा या जिज्ञासा समाहित रहती है। नौकरी से मिलने वाले पारितोषिक से जीवन की खुशी का ग्राफ ऊपर-नीचे होकर मन को उसी अनुपात में सुख-दुख, खुशी-पश्चाताप का सुफल या कुफल देकर उद्वेलित-आंदोलित करता रहता है, लेकिन सेवा का पारितोषिक सदैव मन की जीर्ण-शीर्ण कुटिया को हरी-भरी कर सुख, आनंद व खुशी को बहुगुणित हर्षित-प्रफुल्लित रखता है। भौतिकता केंद्रित नौकरी संसार के भवसागर में गोते खाने के लिए बाध्य करती रहती है, जबकि स्वार्थरहित सेवा ईश्वर के साम्राज्य का राही बनाकर अलौकिक सुख और आनंद के लोक का मार्ग प्रशस्त करती है। सेवा ईश्वर का स्थाई सानिध्य पाने का आनंददायी मार्ग है। वहीं नौकरी स्वयं की प्रतिभा को भौतिक इच्छाओं को पूरा करने का साधन मात्र है। सच्ची सेवा, स्वयं के इस भौतिक अभिनय से जन्म-जन्मांतरों के बंधनों को काटकर, ईश्वर के साथ तादात्म्य स्थापित करने का एक स्थाई प्रमाणपत्र है।

## संपादकीय

# हिंसा और प्रतिहिंसा का दौर जारी...

मणिपुर में बीते आठ महीने से जारी हिंसा पर काबू पाने के तमाम प्रयासों के बावजूद आज भी अगर निशाना बना कर सरेआम लोगों की हत्या की जा रही है, तो इसके लिए किसकी जिम्मेदारी बनती है! गौरतलब है कि सोमवार को कुछ हथियारबंद लोगों ने स्थानीय लोगों को निशाना बना कर ताबड़तोड़ गोलीबारी करनी शुरू कर दी। खबरों के मुताबिक, बेलगाम गोलीबारी करने वाले लोग वेश बदल कर आए थे। इस घटना में चार लोगों की मौके पर ही जान चली गई और पांच अन्य घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के बीच आक्रोश फैल गया और उन्होंने इसके प्रति विरोध जताने के लिए वाहनों को आग के हवाले करना शुरू कर दिया। जाहिर है, ऐसी स्थिति में हिंसा और प्रतिहिंसा की स्थिति और जटिल होने की आशंका है। शायद यही वजह है कि चार लोगों की हत्या और हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बाद राज्य सरकार ने घाटी के कई जिलों में फिर से कर्फ्यू लगा दिया। इस घटना के पहले भी लगातार दो दिन कुकी और मैतेई समुदायों के बीच आपसी संघर्ष और कमांडो काम्प्लेक्स पर विद्रोहियों के हमले की खबरें आई थीं। जब भी ऐसी घटनाओं को लेकर सरकार के रवैये, नाकामी और उसकी लापरवाही पर सवाल उठाया जाता है तो एक तरह से रटा-रटाया जवाब यही होता है कि शांति स्थापित करने के लिए सभी कदम उठाए जा रहे हैं, कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सवाल है कि लगातार ऐसे आश्वासनों के बावजूद आज भी चिह्नित करके आम लोगों की हत्या करने की घटनाएं क्यों सामने आ रही हैं? मणिपुर में हिंसा की शुरूआत पिछले वर्ष मई में ही हुई थी। मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने के सवाल से उठे विवाद के बाद फूटा आक्रोश हिंसक टकराव में तब्दील हो गया और तब से लेकर लगातार हिंसा में लगभग दो सौ लोगों के मारे जाने की खबरें आ चुकी हैं। कई सौ लोग बुरी तरह घायल हुए और साठ हजार से ज्यादा लोगों को अपने मूल स्थानों से विस्थापित होने का दंश झेलना पड़ा है। अंदाजा लगाया जा सकता है कि मणिपुर में जातीय संघर्ष ने किस हद तक त्रासद शक्ल अख्तियार कर ली है। इस बीच हालात पर काबू पाने के मकसद से राज्य की पुलिस के अलावा सेना तक को मोर्चे पर लगाया गया। केंद्र सरकार ने शांति समिति गठित की और सुप्रीम कोर्ट की ओर से निगरानी समिति को भी जिम्मा सौंपा गया। मगर आज भी हालत यह है कि गाहे-बगाहे हिंसा फूट पड़ती है और हथियारबंद लोगों के समूह कहीं भी गोलीबारी कर लोगों की जान ले रहे हैं। सवाल है कि हिंसा की शुरूआत और इतना लंबा वक्त गुजर जाने के बाद भी सरकार हिंसा और अराजकता फैलाने वाले तत्त्वों के खिलाफ इस कदर लाचार क्यों नजर आ रही है। राज्य और केंद्र सरकार की ओर से प्रशासनिक स्तर पर की गई कवायदों के अलावा हिंसा पर काबू पाने के लिए सेना को उतारे जाने के बावजूद मणिपुर जैसे छोटे राज्य में आठ महीने से हिंसा जारी है, तो इसके लिए किसकी नाकामी जिम्मेदार है? **-राकेश जैन गोदिका**



## परिदृश्य

# भ्रष्टाचार और विवाद

यह परिपाटी-सी बनती जा रही है कि जब भी किसी राजनेता पर भ्रष्टाचार के आरोप लगते हैं तो वह संबंधित जांच एजेंसी को ही कठघरे में खड़ा करने लगता है। उसकी मंशा पर सवाल उठाना शुरू कर देता है। अगर संबंधित राजनेता किसी राज्य की कमान संभाले हुए हो तो वह अपने पक्ष में पूरे तंत्र को खड़ा कर देता है। दिल्ली और झारखंड के मुख्यमंत्री यही पैंतरा आजमा रहे हैं। अवैध खनन में धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय झारखंड के मुख्यमंत्री को सात बार समन भेज चुका है, मगर वे किसी न किसी बहाने उसमें सहयोग करने से बचते रहे हैं। उन्होंने पार्टी, विधायकों और मंत्रियों की बैठक बुला कर समर्थन हासिल कर लिया है कि अगर प्रवर्तन निदेशालय उनके खिलाफ कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई करता है, तो भी वही मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी संभालते रहेंगे। इससे पहले यही कवायद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल कर चुके हैं। उन पर कथित दिल्ली शराब घोटाले में सहयोग करने का आरोप है। प्रवर्तन निदेशालय उन्हें तीन बार पूछताछ के लिए बुला चुका है, मगर वे उसके इरादे पर सवाल उठाते हुए उसके नोटिस को ही प्रश्नांकित कर चुके हैं। वे और उनकी पार्टी लगातार इसके पीछे केंद्र सरकार की गलत मंशा बताते रहे हैं। यह अजीब किस्म की ईमानदारी है कि आरोपी जांच में सहयोग करने के बजाय खुद को पाक-साफ बताता फिरे। कायदे से आरोपी को जांच एजंसियों के सवालों का जवाब देकर साबित करना होता है कि वह निरपराध है। प्रवर्तन निदेशालय लंबे समय से दिल्ली शराब घोटाले और झारखंड में अवैध खनन से जुड़े मामलों की जांच कर रहा है। उसे कुछ तो तथ्य हाथ लगे होंगे, जिनके आधार पर उसने दोनों मुख्यमंत्रियों को पूछताछ के लिए तलब किया है। दोनों मामलों में कई लोगों को संलिप्त पाया जा चुका है। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह भी कहते फिर रहे थे कि शराब घोटाले में उनका कोई हाथ नहीं है, मगर प्रवर्तन निदेशालय के सवालों पर वे अपने बचाव में उचित तथ्य पेश नहीं कर सके। अब बेशक आम आदमी पार्टी उन्हें बेकसूर और साजिश के तहत फंसाया गया बता रही हो, पर अदालत ने भी माना है कि वे संदेह के दायरे से बाहर नहीं हैं। इसलिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस तर्क में कोई दम नजर नहीं आता कि केंद्र सरकार उन्हें जेल भेजना चाहती है। जब तक ईडी के आरोपों को तथ्यों के जरिए बेबुनियाद नहीं ठहरा देते, वे सवालों के घेरे में बने रहेंगे। दिल्ली के मुख्यमंत्री से इसलिए भी सवालों का सामना करने की अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी पार्टी के गठन के दिन से ही दावा करते नहीं थकते कि उनकी पार्टी कट्टर ईमानदार है। ईमानदारी का प्रमाण इसका जुबानी एलान नहीं हो सकता। उसे सबूतों के साथ पेश करना पड़ता है। पिछले कुछ वर्षों से दिल्ली सरकार के अनेक फैसले और योजनाएं अनियमितताओं के आरोप झेल रही हैं। हालांकि मुख्यमंत्री और उनके मंत्री दावा करते हैं कि हर काम उन्होंने पारदर्शी तरीके से किया है। अगर ऐसा है तो जांच एजंसियों के सवालों से भागने की जरूरत क्या है।

# व्यापार महासंघ की बैठक आयोजित

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल व महामंत्री सुरेन्द्र बज ने बताया कि जयपुर व्यापार महासंघ के सदस्य, व्यापार मंडल के सभी अध्यक्ष महामंत्री व विशेष आमंत्रित सदस्यों की मीटिंग 9 जनवरी मंगलवार को भैरों सिंह शेखावत सभागार राजस्थान चैम्बर भवन एम आई रोड पर आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को जयपुर में शानदार ढंग से मनाने जयपुर के सभी बाजारों में भव्य रोशनी वह सजावट एवं अलबर्ट हाल में इस अवसर पर आयोजित दीपोत्सव कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिए चर्चा करने हेतु आयोजित की गई है। व्यापार महासंघ के कार्यकारी अध्यक्ष हरीश केडीया व वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश सेनी ने बताया की मिटिंग में GST के जयपुर के प्रिंसिपल कमिश्नर चेतन कुमार जैन से GST संबंधी विषयों पर भी चर्चा रखी गई है।

# महावीर इंटरनेशनल द्वारा बच्चो को स्वेटर, ग्रीन बोर्ड, दरियों का वितरण




**कुचामन सिटी. शाबाश इंडिया**

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खारिया में हुआ स्वेटर, ग्रीन बोर्ड एवं दरियों का वितरण दिनांक 8 जनवरी 2024 को सबकी सेवा सबको प्यार जीवों ओर जीने दो के उद्देश्य वाली संस्था महावीर इंटरनेशनल वीरा धरा के तत्वावधान में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खारिया में संस्था द्वारा कड़ाके की ठंड को को ध्यान में रखकर सदस्यों द्वारा 4 ग्रीन बोर्ड 33,स्वेटर तथा 4 दरी वितरण किए गए। कार्यक्रम में महावीर इंटरनेशनल वीरा धरा की अध्यक्षा सरोज पाटनी कोषाध्यक्षा मन्जू बड़जात्या , राखी बड़जात्या सीता गंगवाल अनिता काला सुनीता जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत में संस्था प्रधानाचार्य दिनेश चंद्र लाडना व्याख्याता मंजू चौधरी , सुचेता , शीला कंवर, ज्योति वर्मा तथा मोनिका सेवदा ने आगंतुक अतिथियों का माल्यार्पण द्वारा स्वागत किया ।गोपाल पूजा डीडवानिया की ओर से विद्यालय को चार ग्रीन बोर्ड,सुनीता जैन की ओर से चार दरिया एवं 11 स्वेटर, विजय कौर की ओर से 11 स्वेटर, शारदा वर्मा की ओर से 11 स्वेटर तथा नीलम अनीता डिंपल काला,सरोज पाटनी ,सीता गंगवाल,कविता मंडावाला,पदमा पाटोदी,कल्पना मनीषा पहाड़िया एवं राखी मंजू बड़जात्या की ओर से 13 स्वेटर एवं 4 दरिया विद्यालय को भेंट की गई समारोह के अंत में संस्था प्रधान दिनेश चंद्र लाडना ने महावीर इंटरनेशनल वीर धरा का धन्यवाद ज्ञापित किया कार्यक्रम का संचालन सुनील कुमार जोशी वरिष्ठ अध्यापक ने किया कार्यक्रम में मूलाराम,बिरदाराम ,शंकरदास, शिवपाल सिंह,रामेश्वर लाल, भागीरथ राम,विनोद कुमार, प्रवीण कुमार, पुष्पेंद्र सिंह, दीपेन्द्र सिंह ,मो आरिफ ,तारेश कुमार व रतनलाल मौजूद रहे।

# अंतरराष्ट्रीय लोकोदय तीर्थक्षेत्र की भूमि पर पहली बार संपन्न हुआ भव्य पिच्छिका परिवर्तन समारोह




**आगरा. शाबाश इंडिया**

आगरा-मथुरा नेशनल हाईवे स्थित अन्तर्राष्ट्रीय लोकोदय तीर्थक्षेत्र की भूमि पर निर्यापक श्रमण मुनिपुंगवश्री सुधासागर जी महाराज एवं क्षुल्लक श्री गंभीरसागर जी महाराज ससंघ के मंगल सानिध्य में भव्य पिच्छिका परिवर्तन समारोह का आयोजन किया गया' कार्यक्रम का शुभारंभ संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के चित्र का अनावरण कर दीप प्रज्जवलन के साथ कियो साथ ही बाहर से पधारे गुरुभक्तों ने मुनिश्री के चरणों का पाद प्रक्षालन किया। इस दौरान ग्वालियर, धौलपुर, सागर,अशोकनगर,ललितपुर, झांसी,एत्मादपुर टूंडला कानपुर, भोपाल की सकल जैन समाज ने मुनिसंघ के समक्ष श्रीफल भेंटकर मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के मध्य में अशोक नगर के श्री दिगंबर जैन युवा वर्ग और बालिका मण्डल ने सांस्कृतिक कार्यक्रम किया। इसके बाद चंदयान के माध्यम से मुनिपुंगवश्री की नवीन पिंछी पन्नालाल बैनाड़ा परिवार ने की और मुनि श्री की पुरानी पिंछी का सौभाग्य महेश छाबड़ा परिवार ने प्राप्त की ।क्षुल्लकश्री गंभीर सागर जी महाराज की नवीन पिंछी देने का सौभाग्य मोहिताश जैन, मंजू जैन, महेश जैन, सुधा जैन,संजीव जैन परिवार बोदला सेक्टर 4 आगरा को प्राप्त हुआ एवं क्षुल्लकश्री की पुरानी पिंछी लेने का सौभाग्य दिनेश जैन एवं बबिता जैन परिवार वालों ने प्राप्त की ' निर्यापक मुनिपुंगव श्री सुधासागर जी ने प्रवचन में कहा दिगंबर जैन साधु के पास तीन उपकरण के अलावा और कुछ भी नहीं होता। पिच्छिका, कमंडल और शास्त्र इन तीन उपकरणों के माध्यम से ही वे अपनी जीवन भर साधना करते रहते हैं, संयमोपकरण जिसे पिच्छिका कहते हैं, यह पिच्छिका मोर पंखों से निर्मित होती है, मोर स्वतः ही इन पंखों को वर्ष में तीन बार छोड़ते हैं उन्हीं छोड़े हुए पंखों को इकट्ठा करके श्रावकगण पिच्छिका का निर्माण करते हैं, पिच्छिका के माध्यम से मुनिराज अपने संयम का पालन करते हैं जब कहीं यह उठते हैं, बैठते हैं तब उस समय जमीन एवं शरीर का पिच्छिका के माध्यम से परिमार्जन कर लेते हैं, ताकि जो आंखों से दिखाई नहीं देते ऐसे जीवों का घात न हो सके। यह पिच्छिका उस समय भी उपयोग करते हैं जब शास्त्र या कमंडल को रखना या उठाना हो। जहां शास्त्र या कमंडल रखना हो वहां पर जमीन पर सूक्ष्म जीव रहते हैं जिन्हें हम आखों से नहीं देख सकते, तो पिच्छिका से उन जीवों का परिमार्जन कर दिया जाता है, ताकि उन्हें किसी प्रकार का कष्ट न पहुंचे।



यह पिच्छिका इतनी मृदु होती है कि इसके पंख आंख के ऊपर स्पर्श किए जाएं तो वह आंखों में नहीं चुभते और जब इन पंखों में लगभग एक साल के भीतर यह मृदुता कम होने लगती है तो इस पिच्छिका को बदल लिया जाता है।इस कार्यक्रम को पिच्छिका परिवर्तन के नाम से जाना जाता है।इस कार्यक्रम का संचालन मनोज जैन और प्रदीप जैन शास्त्री ने किया' देशभर के श्रद्धालुजन आये हैं ।इस अवसर पर प्रदीप जैन पीएनसी, मनोज जैन बाकलीवाल,नीरज जैन जिनवाणी,निर्मल मोठ्या, पन्नालाल बैनाड़ा,हीरालाल बैनाड़ा,राजेश सेठी, अमित जैन बॉबी,पंकज जैन,अनिल जैन शास्त्री,रुपेश जैन,उत्तमचंद जैन, दिलीप जैन, के.के जैन,राजेश बैनाड़ा, पंकज जैन,विवेक बैनाड़ा,शैलेंद्र जैन,विजय धूर्र,अरुण जैन शास्त्री, प्रवीन जैन नेता जी,नरेश जैन,अनिल जैन,दीपक जैन चक्रेश जैन,मीडिया प्रभारी,शुभम जैन,राहुल जैन,उषा मोठ्या,उमा मोठ्या,ममता बाकलीवाल बीना बैनाड़ा,सोनल जैन समस्त आगरा सकल जैन समाज की शैलियों के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**-रिपोर्ट शुभम जैन**

# जैन सोशल ग्रुप मान सरोवर का नववर्ष कार्यक्रम आयोजित





**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन सोशल ग्रुप मान सरोवर का नव वर्ष कार्यक्रम जैन मंदिर थंब की नशिया (किर्ति स्तंभ) आमेर मे रविवार को बडी धुम धाम से मनाया गया ।कार्यक्रम मे सभी उपस्थिति सदस्यो ने गेम ओर हाऊजी मे भाग लिया। अध्यक्ष धन कुमार कासलीवाल एंव मंत्री सुरेश सोनी ने जानकारी दी कि कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि राजेन्द्र शाह एंव दीप प्रज्वलन ज्ञान चंद जैन ने किया ।अरुण पाटोदी ने बताया कि कार्यक्रम के अंत मे सभी सदस्यों को नव वर्ष की गिफ्ट भेट कर सबको नव वर्ष की शुभकामनाएं दी।सयुंक्त मंत्री सुरेन्द्र कासलीवाल ने बताया कि सांय सभी सदस्यों ने श्री 1008 मुलनायक विमल नाथ भगवान की सामुहिक आरती कर धर्म लाभ लिया ।अंत मे अध्यक्ष धन कुमार जैन ने सभी सदस्यों एंव कार्यक्रम को सफल संचालन के लिए श्रीमती चंदा छाबडा एंव पिंकी कासलीवाल को भी धन्यवाद दिया।

## नि :शुल्क मेडिकल कैम्प का आयोजन




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** महावीर इन्टरनेशनल एसोशिएशन व नारायणा हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधन में निःशुल्क मेडिकल कैम्प का आयोजन दिनांक किया गया, जिसमें एलोपेथी, आयुर्वेदिक, फिजियोथैरेपी, होम्योपेथिक, दन्त चिकित्सा, जनरल फिजिशियन, कार्डियोलॉजी, यूरोलॉजी, पेट, आँत एवं लिवर रोग सम्बन्धि रोग व विमारियों का उपचार व परामर्श दिया गया। करीब 200 लोगों ने इस निः शुल्क सेवा का लाभ उठाया। मेडिकल कैम्प में नारायणा हॉस्पिटल से यूनिट हैड श्रीमान् वालिया जी, डॉ. देवेन्द्र श्रीमाल, डॉ. अभिनव गुप्ता, डॉ. हरीश कास्वॉ व डॉ. रजनी चौधरी व महावीर इन्टरनेशनल एसोशियेसन से उपाध्यक्ष वीर एन. के. सेठी, सचिव वीर अनिल वैद्य व सभी सदस्यों का सहयोग रहा। महावीर इन्टरनेशनल एसोशियेसन भवन पर नारायणा हॉस्पिटल सिटी सेन्टर की सेवायें नियमित रूप से चलाई जा रही हैं।

## यथार्थ ज्ञान से करें बुरी आदतों को छूमंतर : आर्यिका विज्ञाश्री माताजी



**गुंसी, निवाई. शाबाश इंडिया।** श्री दिगम्बर जैन सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ क्षेत्र,गुन्सी (राज.) में उपदेश देते हुए आर्यिका विज्ञाश्री माताजी ने कहा कि - व्यवहार सामान्य जीवन यापन का साधन है। परन्तु मानव जब गहराई से चिंतन करता है तो भ्रम व यथार्थ में अंतर स्पष्ट होने लगता है। बुरी आदतों ने मानव को जकड़ लिया है या मानव मोह वशात बुरी आदतों को जकड़े है ।यही भेद जिस दिन मानव को यथार्थ में समझ में आ जायेगा,उसी दिन बुरी आदतें छूमंतर हो जाएगी ।सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ क्षेत्र पर विराजित गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी ससंघ सान्निध्य में आज की शांतिधारा करने का सौभाग्य गणेशलाल बोहरा ने प्राप्त किया। गुरुभक्त संजय पांड्या कोटा सपरिवार ने गुरुमाँ का वात्सल्य पूर्ण आशीष प्राप्त किया। इतनी भीषण सर्दी में भी पूज्य माताजी अनशन तप को धारण करके अपनी साधना को निरंतर उत्कृष्टता प्रदान करने में रत है।

# सुभाष जैन G -22 समरसता अवार्ड से सम्मानित




**काठमांडू**

नेपाल भारत की प्रतिष्ठा, शक्ति, पंच शील सिद्धांत को विश्व में पहुंचाने के उद्देश्य से अंतराष्ट्रीय समरसता मंच द्वारा काठमांडू नेपाल में जी -22 समरसता सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन का भव्य आयोजन रसियन कल्चर सभागार कमल पोखरी काठमांडू नेपाल में किया गया।इस कार्यक्रम में नेपाल की राजधानी काठमांडू में दुनियां भर से पधारे हुए उलेखनीय और महत्व पूर्ण कार्य करने वाले व्यक्तियों को अति विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में प्रदान किया गया। अंतराष्ट्रीय समरसता मंच के मुख्य सलाहकार कुलदीप शर्मा एडवोकेट ने बताया कि काठमांडू नेपाल की सम्माननीय प्रतिभा अंतराष्ट्रीय समरसता मंच के सलाहकार बोर्ड सदस्य एवं सामूहिक जिनेन्द्र आराधना संस्था नेपाल शाखा के अध्यक्ष सुभाष जैन को विभिन्न समजिक, धार्मिक एवं मानव सेवार्थ कार्यों में उल्लेखनिय सेवाओ के लिए G-22 समरसता अवार्ड से सम्मानित किया गया।इस सम्मान समारोह में महामहिम प्रथम उपराष्ट्रपति नेपाल न्यायमूर्ति परमानंद झा, इंद्रा राना मगर उपसभामुख नेपाल सरकार, सुशिला सिर्पाली ठकुरी पर्यटन एवं सांस्कृतिक राज्य मंत्री नेपाल सरकार, लोकेंद्र बहादुर चन्द पूर्व प्रधानमंत्री नेपाल, विमलेन्द्र निधि पूर्व उप प्रधानमंत्री नेपाल, गिरिश चंद्र लाल पूर्व न्यायाधीश, सर्वोच्चय न्यायालय, लोकेंद्र मलिक पूर्व न्यायाधीश सर्वोच्चय न्यायालय नेपाल ,डॉ.शिवमाया तुम्बाडफे प्रथम महिला उप सभामुख नेपाल सरकार, दमन नाथ दुगाना प्रथम लोक सभा अध्यक्ष, डॉ.विष्णु हरि नेपाल पूर्व राजदूत जापान,कुमारी मोक्तान कैबिनेट मंत्री बागमती प्रदेश नेपाल, सांसद रेखा यादव, अब्दुल खान पूर्व मंत्री एवं सभापति उद्योग वाणिज्य व श्रम विकास समिति नेपाल, भानुभक्त जोशी सभापति शिक्षा स्वास्थ्य समिति नेपाल, पूर्व मंत्री गणेश शाह, सांसद दीपा शर्मा ,सांसद प्रभु हजारे, एवं गोपाल ठाकुर अध्यक्ष भाषा आयोग एवं पूर्व सांसद प्रमोद साह G -22 समरसता सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन के साक्षी बने।उल्लेखनीय है कि राजस्थान में सीकर जिले के खूड़ निवासी धार्मिक प्रवृत्ति के सुभाष जैन सेठी काठमांडू नेपाल में विभिन्न संघ संस्थाओं से जुड़े हुए हैं एव सकल मारवाड़ी समाज में सक्रिय समाजासेवी है।सुभाष जैन को G -22 समरसता अवार्ड से सम्मानित होने पर नेपाल व भारत के विभिन्न महनीय व्यक्तियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# नौगामा शाखा द्वारा किए गए बेबी किट वितरण

**नोगामा, बांसवाड़ा. शाबाश इंडिया**



महावीर इंटरनेशनल शाखा नौगामा द्वारा आज राजकीय मॉडल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आनंदपुरी बांसवाड़ा राजस्थान में, डॉक्टर कार्तिक टेलर, डॉक्टर गणेश डामोर महावीर इंटरनेशनल शाखा नौगामा के अध्यक्ष सुरेश चंद्र गांधी, गिरधावर रमेश चंद्र यादव स्काउट मास्टर भगवती लाल शाखा के वीर सदस्य दिनेश चरपोटा मयंक जोशी, समाजसेवी अनिल टेलर सीनियर नर्सिंग ऑफिसर पार्वती पटेल के सानिध्य में आज महावीर इंटरनेशनल शाखा की ओर से बेबी किट वितरण किए गए इस अवसर पर प्रार्थना भावना दिन रात मेरी सब सुखी संसार मैं के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ इस अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों का महावीर इंटरनेशनल की ओर से दुपट्टा उड़ा कर हार्दिक स्वागत अभिनंदन किया गया इस अवसर पर डॉक्टर कार्तिक ने बताया कि बड़ी प्रसन्नता का विषय है कि पहली बार हमारे इस अस्पताल में महावीर इंटरनेशनल की ओर से पर बेबी किट वितरण किया जा रहे हैं हमारी ओर से महावीर इंटरनेशनल शाखा को बहुत-बहुत साधुवाद एवं उन्होंने कहा कि हमारे हॉस्पिटल में एक सप्ताह में में लगभग 70 से 80 डिलीवरी होती है महावीर इंटरनेशनल शाखा से निवेदन है कि हमें अधिक से अधिक बेबी किट उपलब्ध करवाई ।जिससे जन्म लेने वाले नवजात शिशुओं को इंफेक्शन से बचाया जा सके इस अवसर पर सुरेश चंद्र गांधी ने बताया कि महावीर इंटरनेशनल की ओर से इस वर्ष आसपास के सभी अस्पताल में बेबी किट वितरण किया जा रहे हैं एवं महावीर इंटरनेशनल की ओर से विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर वृक्षारोपण गर्मियों के दिनों में पक्षियों के लिए सकोरे वितरण ,आंखों के ऑपरेशन के लिए कैंप रक्तदान शिविरों का आयोजन एवं विद्यालय में पाठ्य पुस्तक के उपलब्ध करवाई जा रही है। इस अवसर पर स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ सुमित्रा , हेमेंद्र कुमार, नयन कुमार, विजय लाल, नरेंद्र कटरा ने अपना सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन वीर दिनेश चंद्र द्वारा किया गया।



# भारतीय जैन मिलन की क्षेत्रीय बैठक शाढ़ौरा में हुई सम्पन्न



## मुनिश्री निरापद सागर जी महाराज का मिला मंगल आशीर्वाद

**शाढ़ौरा (अशोकनगर). शाबाश इंडिया**

यदि आप अपने धर्म समाज एवं देश के लिए कुछ करना चाहते हैं तो अपनी शक्ति को सही दिशा में लगाएं तभी वह कार्यकारी सिद्ध होगी। यह उद्गार पूज्य मुनि श्री निरापद सागर महाराज ने स्थानीय पार्श्वनाथ मंदिर स्थित विद्या सागर भवन में भारतीय जैन मिलन की क्षेत्रीय बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। मुनि श्री ने कहा कि भगवान महावीर के सिद्धांतों को अच्छे से समझना व अपने आचरण में लाना होगा। यदि जिन शासन को जयवंत रखना है तो आने वाली पीढ़ी को जैनत्व की शिक्षा व संस्कार देना होंगे। इसके लिए अपनी संस्था की ऊर्जा बच्चों को शिक्षा व संस्कार देने वाली पाठशालाओं को संचालित व व्यवस्थित करने में लगाएं। शाढ़ौरा जैन मिलन परिवार के आतिथ्य में संपन्न हुई इस द्वितीय क्षेत्रीय बैठक को समारोह गौरव की आसंदी से संबोधित करते हुए भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय जैन गुना ने कहा कि भगवान महावीर के 2550 वें निर्वाण वर्ष को मनाए जाने के लिए संस्था द्वारा अपनी विभिन्न शाखाओं के माध्यम से व्यापक कार्यक्रम किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के द्वारा भगवान महावीर के संदेशों को घर घर और जन जन तक पंहुचाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा जैन धर्म की पहचान हमारा गौरव है और अपनी पहचान को अक्षुण्ण रखने व प्रसारित करने के लिए हमें ज्ञान और आचरण दोनों से तैयार होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि आज बदलती आधुनिक जीवन शैली व मोबाइल संस्कृति ने आपसी बातचीत एवं संवाद को खत्म सा कर दिया है जो निश्चित ही एक चिंतनीय विषय है। इस दौरान राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय जैन पत्रकार सहित अन्य वक्ताओं ने भी विचार व्यक्त कर बैठक को संबोधित किया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे क्षेत्रीय अध्यक्ष नरेश जैन ने अध्यक्षीय उद्बोधन दिया। क्षेत्रीय मंत्री पी के जैन ने क्षेत्र की रिपोर्ट प्रस्तुत की। क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एस सी जैन ने क्षेत्रीय मोबाइल डायरेक्टरी के प्रकाशन की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनय जैन एडवोकेट गुना एवं सुभाष जैन कैंची बीड़ी, राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री आनन्द गांधी, शीतल चंद कठारी, महेंद्र जैन कडेसरा, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अशोक भारिल्य, विनोद जैन भारिल्ल एवं सुनील बड़कुल, कोषाध्यक्ष प्रमोद जैन चौधरी तथा केंद्रीय महिला संयोजिका ममता भंडारी मंचासीन थीं। बैठक में विभिन्न शाखाओं के अध्यक्ष मंत्री एवं प्रतिनिधियों ने अपने विचार व सुझाव रखे। क्षेत्रीय महिला सम्मेलन एवं क्षेत्रीय अधिवेशन पर भी विचार विमर्श किया गया। नए सदस्य बने -इस दौरान नगर के 10 युवाओं ने नए सदस्य के रूप में युवा जैन मिलन की सदस्यता ग्रहण की जिनको



राष्ट्रीय अध्यक्ष ने माला पहिना कर एवं लेपल पिन लगा कर सदस्यता दी। पुस्तक का विमोचन -मुनिश्री के सानिध्य में संस्था द्वारा प्रकाशित 'भगवान महावीर के संदेश' पुस्तक का राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित अन्य राष्ट्रीय व क्षेत्रीय पदाधिकारियों ने विमोचन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ महावीर प्रार्थना के साथ हुआ। आदिनाथ भगवान के चित्र का अनावरण मंचासीन अतिथियों ने तथा दीप प्रज्वलन सुदीप जैन ने किया। आयोजन शाखा के अध्यक्ष हर्षित जैन गांधी ने स्वागत उद्बोधन दिया। महिला जैन मिलन की सदस्यों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया। शाखा की महिलाओं द्वारा सभी अतिथियों के आगमन पर तिलक लगाकर व रक्षा सूत्र बांधकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन भरत जैन एवं अनिल बांझल ने किया। इस दौरान क्षेत्र की भोपाल, गंज बासौदा, गुना, अशोकनगर, राघोगढ़, कुंभराज,मुंगावली आदि 25 से अधिक शाखाओं के 150 से अधिक प्रतिनिधियों ने बैठक में भाग लिया।

# आर के पुरम त्रिकाल चौबीसी जैन मंदिर के चुनाव सम्पन्न

**कोटा. शाबाश इंडिया**



## सभी ने नवीन पदाधिकारीयों का भावभीना अभिनंदन कर स्वागत किया

जंगल वाले बाबा परम पूज्य मुनि 108 चिन्मय सागर जी महाराज के निर्देशन में निर्मित श्री 1008 मुनिसुब्रतनाथ दिगंबर जैन (त्रिकाल चौबीसी) मंदिर में मंदिर समिति आर.के.पुरम कोटा के निर्विरोध चुनाव हर्षोल्लास के मंगलमय वातावरण में संपन्न हुए। मिडिया प्रभारी पारस जैन पार्श्वमणि ने बताया कि इसमें अध्यक्ष पद पर अंकित जैन धनोत्या महामंत्री पद पर अनुज जैन गोधा एवं कोषाध्यक्ष पद पर ज्ञानचंद जैन खजूरी वालों का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। इस अवसर पर सकल दिगंबर जैन समाज के महामंत्री विनोद टोरडी, पदम दुगेरिया, हरकचंद गोधा,प्रकाश जैन,महावीर ढाबा,पवन पाटोदी,राजकुमार वैद,महेश जैन आदि समाज श्रेष्ठि उपस्थित थे। सभी ने नवीन पदाधिकारीयो का भाव भीना अभिनंदन कर स्वागत किया।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# दिगम्बर जैन समाज बापू नगर सम्भाग द्वारा मनाया नव वर्ष स्नेह मिलन समारोह

## रक्तदान शिविर में 30 यूनिट रक्त एकत्र हुआ, चिकित्सा शिविर का 210 लोगो ने लाभ उठाया, समारोह में 80 वर्ष से ऊपर के बुजुर्गों का व विशेष शैक्षणिक योग्यता धारकों किया सम्मान



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** दिगम्बर जैन समाज बापू नगर सम्भाग द्वारा नव वर्ष स्नेह मिलन समारोह का आयोजन रविवार को हुआ। सम्भाग के प्रचार प्रसार प्रभारी हीरा चन्द बैद ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भट्टारक जी की नसियां में वर्ष के प्रथम रविवार को नववर्ष मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता सम्भाग के अध्यक्ष उमरामल संघी ने की तथा मुख्य अतिथि डा.पी.सी.जैन थे। सम्भाग के मंत्री डा राजेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि इस समारोह में 80वर्ष व 90 वर्ष तथा अधिक आयु वाले 20 महिला एवं पुरुषों को माला पहनाकर, शाल ओढ़ाकर , प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्भाग के 30 मेधावी छात्र -छात्राओं का भी सम्मान किया गया इससे पूर्व विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गई तथा जीतने वालों का सम्मान किया गया मन्दिर में जिनेन्द्र पूजा की गई। डॉ ज्ञान चन्द सौगानी एवं राकेश कुमार गोदिका के संयोजन में इस अवसर पर राजस्थान अस्पताल के सहयोग से रक्तदान एवं चिकित्सा शिविर भी लगाया गया जिसमें 30 यूनिट रक्त संग्रह हुआ तथा 210 व्यक्तियों ने विभिन्न जांच कराकर स्वास्थ्य सम्बन्धी लाभ प्राप्त किया। प्रभारी राकेश गोदिका ने बताया कि चिकित्सा शिविर में डॉक्टर मधुर जोशी, डॉक्टर जितेश जैन, डॉक्टर गोविंद एन शर्मा, डॉक्टर डी के जैन, डॉक्टर शिल्पा जेतवानी, डॉक्टर निकिता जैन तथा एक्यूप्रेशर विशेषज्ञ डॉक्टर पियूष त्रिवेदी ने अपनी निशुल्क सेवाए दी। समारोह में सभी ने इस में एक दूसरों को नव वर्ष 2024की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विकलांगों के लिए 10 कृत्रिम पैर हेतु राशि प्राप्त हुई। समारोह का मनीष बैद ने अपनी ओजस्वी वाणी से संचालन कर सभी को सम्मोहित कर दिया ।अन्त में संयोजक निर्मल संघी ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित दिया।











# श्री 1008 पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर जी वास गोधान में पारसनाथ जयंती पर हुआ भव्य समारोह

**जयपुर. शाबाश इंडिया**



पारसनाथ जयंती ,पोस बदी ग्यारस रविवार 7 जनवरी को श्री 1008 पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर जी वास गोधान में भगवान का जन्मोत्सव बहुत ही धूमधाम से संगीतकार नरेंद्र जैन पार्टी के गाए भजनों पर झूमते हुए भक्ति भाव से विधान करके संपन्न हुआ। सचिव विजय कुमार गोधा ने बताया कि जयपुर ग्रेटर नगर निगम के डिप्टी मेयर पुनीत करनवाट और पार्षद श्रीमती कुसुम यादव,अजय यादव, राजस्थान जैन सभा अध्यक्ष सुभाष शकुंतला पांड्या, संजय जैन ,जोहरी बाजार महिला समिति अध्यक्ष डा.शीला जैन, पुष्पा सोगानी, अरुण कोडीवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक शामिल हुए। मुख्य समन्वयक सुधीर अलका गोधा के अनुसार 400 से ज्यादा श्रावको ने केसरिया वस्त्र पहन कर खूब भक्ति करके श्रीजी का जन्मोत्सव मनाया। उपाध्यक्ष वीरेंद्र गोधा ने बताया की शांतिधारा राजाबाबू मुन्ना देवी, संजय एकता गोधा एवम ऋषभ निखिल गोधा ने की, सोधर्म इंद्र बनने का सौभाग्य सुधीर अलका गोधा को मिला। विधान सामग्री का सहयोग अध्यक्ष जयकुमार गोधा परिवार का रहा। पूजन पश्चात श्री जी की माला पहनने का सौभाग्य श्रीमति मुन्ना देवी गोधा के परिवार को प्राप्त हुआ

## एसोसिएशन ऑफ टैक्स पेयर्स एंड प्रोफेशनल्स की वार्षिक साधारण सभा एवं तकनीकी सत्र का ग्वालियर में हुआ आयोजन



**ग्वालियर. शाबाश इंडिया**

एसोसिएशन ऑफ टैक्स पेयर्स एंड प्रोफेशनल्स की वार्षिक साधारण सभा 2024 का राष्ट्रीय स्तर पर आयोजन मध्यप्रदेश के ग्वालियर स्थित होटल तानसेन रेजीडेंसी मेंदिनांक 06 जनवरी को किया गया जिसमें देश भर से विभिन्न प्रांतों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। सभा की अध्यक्षता राष्ट्रीय चेयरमैन एडवोकेट अंजनी कुमार श्रीवास्तव ने की ।एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव पराग सिंघल ने वार्षिक प्रतिवेदन पेश किया तथा एसोसिएशन द्वारा गत वर्ष किए गए कार्यों का विवरण दिया। राजस्थान प्रांत से प्रांतीय अध्यक्ष विनोद पाटनी के निर्देशन में प्रांतीय महासचिव एडवोकेट उमराव सिंह यादव , उपाध्यक्ष एडवोकेट गणेश शर्मा बीकानेर, एडवोकेट राम चंद्र यादव, संयुक्त सचिव एडवोकेट विष्णु भारद्वाज व एडवोकेट पवन कुमार गौतम गंगापुर सिटी तथा एडवोकेट संजय सिंह ने शिरकत की। इस अवसर पर टैक्स प्रणाली में आ रही दिक्कतों पर भी चर्चा हुई और एडवोकेट उमराव सिंह यादव ने सभी प्रतिनिधियों के साथ अपने सुझाव दिए।

## समाजसेवी अमित गोधा जोधपुर में अहिंसा क्रांति रत्न अवार्ड से हुए सम्मानित



**ब्यावर. शाबाश इंडिया**

समाजसेवी व भामाशाह अमित गोधा को सामाजिक कार्यों के सभी क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा और सभी कार्यों में जागरूकता हेतु अहिंसाक्रांति समाचार पत्र द्वारा जोधपुर में साफा पहनाकर व दुपट्टा पहनाकर व अहिंसा क्रांति अवार्ड रत्न स्मृति चिंह देकर सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि जोधपुर शहर विधायक अतुल भंसाली, विशेष अतिथि गौतम जैन डीवाईएसपी जीआरपी, अहिंसा क्रांति सम्पादक मुकेश नाहर, सहसंपादक सुरेंद्र महनोथ, जैन कांफ्रेस राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष पुष्पा राजेंद्र गोखरू नई दिल्ली, गिरीश भाई शाह मुम्बई , विमल कुमार नवलखा सूरत, कमल बैद विशाखापट्टनम , गौतमचंद धारीवाल बैंगलोर आदि ने ब्यावर के समाजसेवी अमित गोधा को साफा पहनाकर व दुपट्टा पहनाकर व अहिंसा क्रांति अवार्ड रत्न देकर सम्मानित किया गया। ब्यावर के अमित गोधा जैन हर समय समाजसेवा में आगे रहते हैं। पूर्व में भी अमित गोधा को सामाजिक कार्यों में सेवाएं देने हेतु कई संस्थाओं से सम्मानित किया जा चुका है। इस अवसर पर चेन्नई की समाज सेविका शांति जैन दुधारिया, मोनिका चोरडिया जोधपुर , सुरेश आदि उपस्थित थे